आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-221 ● कटनी ● सोमवार, 13 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




रिवॉल्वर के साथ वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आईं आगरा पुलिस की सिपाही प्रियंका मिश्रा का 12 दिन बाद इस्तीफा एसएसपी मुनिराज जी. ने मंजूर कर लिया। सोशल मीडिया पर लोगों के कमेंट से परेशान होकर इस्तीफा दिया था।

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# यूपी में अब्बाजान पर घमासान

## योगी के बयान पर बढ़ा विवाद, विपक्ष ने सीएम को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम लिए बगैर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया है। कुशीनगर में परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए योगी ने नाम लिए बगैर कांग्रेस को आतंकवाद की जननी और समाजवादी पार्टी को बिच्छू करार दिया। योगी ने सपा के साथ बसपा को घेरा और कहा कि इनकी सरकारों ने बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित न करते लोगों को अंधेरे में रखा। सपा-बसपा की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले राशन तक नहीं मिलता था। अब्बाजान कहे जाने वाले लोग उसे हजम कर जाते थे। कुशीनगर का राशन नेपाल और बांग्लादेश जाता था। आज गरीबों का राशन निगलने वाले जेल जाएंगे।योगी के विवादित



बयान पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने पलटवार किया है। गौरव वल्लभ ने कहा कि कोरोना के दौरान हमने देखा है कि कैसे मां गंगा में लोगों की लाशें बहती दिखीं और कोई सुध लेने वाला नहीं था। उन्होंने कहा कि गंगा में सैंकड़ों लाशें बहती दिख रहीं थी। योगी साहब आप कौन से जान हैं? आपके कौन से अब्बाजान हैं और कौन से भाईजान हैं?वहीं सपा के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने कहा कि साढ़े चार साल में यूपी में सिर्फ घोटाले ही हुए हैं। योगी अपने साढ़े चार साल का काम नहीं गिना पा रहे हैं तो जनता का ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। चुनाव में इसबार भाजपा को झटका लगने वाली है। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी योगी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा यह कहा है कि भाजपा का कोई चुनावी एजेंडा नहीं है सिवाय मुसलमानों के खिलाफ सांप्रदायिकता और नफरत फैलाने के।


# नितिन पटेल बोले- नाराजगी की बात गलत भूपेंद्र पटेल के सीएम बनने से बहुत खुश हूं..

**गांधीनगर।** गुजरात के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आज दोपहर राज्य के 17वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्यपाल के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र पटेल आज अकेले ही शपथ लेंगे। उधर उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल की नाराजगी की बात सामने आ रही थी लेकिन अब खुद उन्होंने इस बात को खारिज करते हुए कहा कि मैं नाराज नहीं हूं, मीडिया ने बढ़ा चढ़ाकर इसे



पेश किया है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र पटेल के नए सीएम बनने से मैं बहुत खुश हूं। पटेल ने कहा कि भूपेंद्र पटेल मेरे पुराने पारिवारिक मित्र हैं। मैंने उन्हें बधाई दी है। उन्हें सीएम के रूप में शपथ लेते देखकर हमें खुशी होगी। जरूरत पड़ने पर उन्होंने मेरा मार्गदर्शन भी मांगा है।गुजरात के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार सुबह जाकर उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बीच नितिन पटेल ने भावुक होते हुए कहा कि मैंने 30 वर्षों तक पार्टी की सेवा की है। मुझे पार्टी से कोई नहीं हटा सकता।

## क्विक अपडेट



### भाजपा नेता ने शौचालय में लगाई जिन्ना की तस्वीर

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को अलीगढ़ दौरे पर आएंगे। पीएम के आने से पहले ही एएमयू में लगी पाकिस्तान के जनक मोहम्मद अली जिन्ना की तस्वीर पर विवाद बढ़ गया है। रविवार शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मोहम्मद अली जिन्ना की फोटो हटवाने के लिए विरोध जताया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिन्ना की तस्वीर शौचालय में लगा दी। भाजपा विष्णुपुरी मंडल के मीडिया प्रभारी ने चेतावनी दी है।

### जेट एयरवेज एक बार फिर भरेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी जेट एयरवेज एक बार फिर से उड़ान भरने को तैयार है। कंपनी साल 2022 की पहली तिमाही से एक बार फिर से घरेलू उड़ान भरने की घोषणा की है। इसके अलावा अगले वर्ष की अंतिम तिमाही तक छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन भी शुरू होगा। इसकी जानकारी जेट एयरवेज के नए मैनेजमेंट जालान कारलॉक कंसोर्शियम ने दी है। जालान कारलॉक ने एक और नई जानकारी देते हुए कहा कि एयरलाइन का मुख्यालय अब मुंबई के बजाय दिल्ली में होगा।

### भाजपा की प्रियंका आज भरेंगी नामांकन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाई प्रोफाइल विधानसभा सीट भवानीपुर में उपचुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी प्रियंका टिबरेवाल नामांकन दाखिल करेंगी। प्रियंका टिबरेवाल का मुकाबला राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से होगा। ममता बनर्जी दो दिन पहले ही भवानीपुर सीट के लिए नामांकन दाखिल कर चुकी है। ममता बनर्जी ने कोलकाता में ही नामांकन दाखिल किया था। विधानसभा चुनाव में ममता नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ी थीं, लेकिन उन्हें भाजपा के सुवेंदु अधिकारी ने हरा दिया था। बंगाल का सीएम बने रहने के लिए ममता को भवानीपुर से चुनाव जीतना जरूरी है।



# साजिश नाकाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6 चाइनीज ग्रेनेड बरामद

**श्रीनगर।** बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों की एक साजिश को नाकाम किया है। रेत के बैग में रखे गए छह ग्रेनेड बरामद हुए हैं। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बता दें कि रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर एक डिवाइडर के पास रेत के बैग में रखे गए छह ग्रेनेड बरामद किए। यह सभी चीन निर्मित ग्रेनेड हैं। जवानों की सूझबूझ से बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने सभी ग्रेनेड अपने कब्जे में ले लिए है। उधर, कश्मीर में हाईब्रिड आतंकियों की मौजूदगी ने सुरक्षाबलों के कान खड़े कर दिए हैं। सुरक्षाबलों के लिए यह नई चुनौती है। स्लीपर सेल की तरह के ये पार्टटाइम आतंकी निहत्थों को निशाना बना रहे हैं। कश्मीर में हाल ही में हुईं नेताओं व पुलिसकर्मियों की हत्याओं में हाईब्रिड आतंकी शामिल थे। इन पार्टटाइम हाईब्रिड आतंकियों को ट्रैक करने में दिक्कतें आती हैं क्योंकि ये वारदात को अंजाम देने के बाद अपने सामान्य कामकाज में लग जाते हैं। लेकिन ऐसे हाईब्रिड आतंकियों पर अब पूरी निगरानी रखी जा रही है।

## राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी की हत्या की जांच में मिला ऑडियो

# प्लीज अंकल मुझे छोड़ दो... मैं मर जाऊंगी रिकॉर्ड हुई बिटिया की आखिरी सांसें

**बिजनौर।** जैसे-जैसे खो-खो की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी की हत्या की जांच आगे बढ़ रही है, नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। वारदात के वक्त वह किसी परिचित से फोन पर बात कर रही थी। इस दौरान किसी के दबोचने पर वह चिल्लाई, अंकल मुझे छोड़ दो... मैं मर जाऊंगी... परिचित ने किसी अनहोनी की आशंका पर रिकार्डिंग शुरू कर दी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसके बाद फोन गिर गया लेकिन रिकार्डिंग चालू रही, उसमें बिटिया के हत्यारोपियों से किए जा रहे संघर्ष के दौरान कही जा रही बातें रिकॉर्ड हुई है। अंकल शब्द ने पुलिस को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हत्यारा परिचित है या अधेड़ उम्र। घटना के खुलासे में पुलिस के लिए यह रिकार्डिंग काफी अहम साबित हो सकती है। फिलहाल पुलिस अधिकारी मोबाइल में रिकॉर्ड कॉल की एक ऑडियो जांच कर रहे हैं। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के पास रखे स्लीपर के ढेर के बीच राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी की हत्या कर दी गई थी। रविवार को दिनभर कोतवाली शहर पुलिस, एसओजी, स्पेशल सेल, सर्विलांस टीम सर्वोदय कॉलोनी के चक्कर काट रही थी। जांच में जुटे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत जांच चल रही है। अब तक सामने आया है कि खिलाड़ी जब फोन पर बात कर रही थी। दूसरी ओर कॉल पर मौजूद युवक से पूछताछ में सामने आया है कि खिलाड़ी ने सबसे पहले अंकल छोड़ो मुझे, मैं मर जाऊंगी शब्दों का इस्तेमाल करीब तीन से चार बार किया। युवक को मामला गड़बड़ लगा तो उसने रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। करीब पौने दो मिनट की इस ऑडियों में बिटिया ने हत्यारे से खुद को छुड़ाने की भरपूर कोशिश भी की और गुहार भी लगाई।



इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ऑडियो में जब बिटिया खुद के मर जाने की बात कह रही है तो हत्यारा उसका गला दुपट्टे से घोंट रहा था। परिजनों को बिटिया के शव के गले में दुपट्टा लिपटा मिला था। ऑडियो में आवाज धीमी है, इससे लग रहा है कि मोबाइल दूर कहीं गिरा हुआ था और कॉल चल रही थी। ऑडियो के बीच में कुछ गाली-गलौज भी है। पुलिस ऑडियो में किसी नाम के होने का जिक्र तो नहीं कर रही, लेकिन ऑडियो से पहले बिटिया ने किसे अंकल कहा, उस शख्स को ढूंढ रही है।

# विराट कोहली दे सकते हैं इस्तीफा, वनडे और टी-20 में रोहित शर्मा हो सकते हैं कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर सफेद बॉल क्रिकेट के लिए आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन होने की संभावना है। ऐसा माना जा रहा है कि टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली अक्तूबर और नवंबर में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट से इस्तीफा दे सकते हैं। वहीं टीम इंडिया के हिटमैन रोहित शर्मा को वनडे और टी-20 का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने कहा, 32 साल के विराट कोहली जो इस समय भारत के तीनों प्रारूपों के कप्तान हैं और भारत के अब तक के सबसे सफल कैप्टन रहे हैं, उन्होंने रोहित शर्मा के साथ कप्तानी की जिम्मेदारियों को शेयर करने का फैसला किया है। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली ने पिछले कुछ महीनों में रोहित और टीम मैनेजमेंट के साथ इस मुद्दे पर लंबी बातचीत की है। सूत्रों के मुताबिक विराट खुद कप्तानी से हटने का फैसला करेंगे, वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने की जरूरतों से वाकिफ हैं, इसी के चलते उन्हें दुनिया का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज कहा जाता है। विराट कोहली को भी लगता है कि सभी प्रारूपों में कप्तान के रूप में उनकी जिम्मेदारियां हैं जिनका असर उनकी बैटिंग पर पड़ रहा है, इसके लिए उन्हें खुद को तरोताजा रखने की आवश्यकता है। विराट कोहली को साल 2014 में टेस्ट का कप्तान बनाया गया। उस समय भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थी और महेंद्र सिंह धोनी ने अचानक टेस्ट से संन्यास का एलान कर दिया जिसके बाद विराट को टीम का कप्तान बनाया गया। इसके बाद एमएस धोनी ने 2017 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से कप्तानी से इस्तीफा दे दिया तब कोहली तीनों फॉर्मेट के कप्तान बने। विराट कप्तान के तौर पर काफी सफल रहे हैं उन्होंने 65 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिनमें 38 मुकाबले जीते है।

# प्रियंका का अपनों के बीच छलका दर्द

## रायबरेली में बोलीं-घर के लोगों की निष्ठा पर उन्हें कोई संदेह नहीं

**लखनऊ।** सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र पहुंचीं प्रियंका वाड्रा के चेहरे पर न सिर्फ पारिवारिक विरासत बचाने की चिंता दिखी, बल्कि अपनों के बीच उनका दर्द भी छलका। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी उनका घर है। घर के लोगों की निष्ठा पर उन्हें कोई संदेह नहीं है। मुझे बस आप सबका समर्पण चाहिए। रायबरेली और अमेठी के लोगों का उन्होंने आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों जिलों की 10 सीटों पर हम जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंके। भुएमऊ गेस्ट हाउस में रविवार को दो घंटे तक चली बैठक में रायबरेली और अमेठी के पदाधिकारियों से प्रियंका ने



मुलाकात करके पार्टी की जमीनी हकीकत परखी तो उनका दर्द भी उनके सामने छलक पड़ा। उन्होंने एक बार फिर दोनों जिलों को अपना घर बताया। दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यों का जिक्र किया। साथ ही लोगों से कहा कि उनकी निष्ठा में कोई कमी नहीं है। बस इस बार उन्हें दोनों जिलों की जनता का समर्पण चाहिए। प्रियंका का इशारा साफ है कि उन्हें जरूर पूरे यूपी की कमान दी गई है, लेकिन रायबरेली और अमेठी उनकी पारिवारिक विरासत रही है। चुनाव में पूरी दमखम के साथ इस विरासत को बचाना है। बैठक के दौरान प्रियंका वाड्रा ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि आप सब हमें 16 हफ्ते में 24 घंटे का समय दीजिए फिर देखिए संगठन कितना मजबूत होगा।

# इज आफ डूइंग बिजनेस में मध्य प्रदेश देश में चौथे स्थान पर

## महामारी के बावजूद 384 इकाइयों को कुल 840 एकड़ भूमि आवंटित

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कहा कि इज आफ डूइंज बिजनेस अंतर्गत ऊंची छलांग लगाते हुए मध्य प्रदेश देश में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पिछले 17 माह में कोरोना महामारी के बावजूद मध्य प्रदेश में 384 इकाइयों को कुल 840 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। जिसमें 11 हजार करोड़ पूंजी निवेश एवं 22 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। कोरोना की विषम परिस्थितियों के बाद भी मध्य प्रदेश में उद्योगों का जाल बिछाने में हम सफल



हुए हैं। हमने औद्योगिक नीति को सरल और सहज बनाया है ताकि उद्योगपतियों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने में कठिनाई न हो और प्रदेश के युवाओं के लिए भी रोजगार के अधिक अवसर सृजित हों।

**जल्द बढ़ेगा मंहगाई भत्ता**

त्योहार और उपचुनाव की जल्द घोषणा की संभावना को देखते हुए शिवराज सरकार भी कर्मचारियों एवं पेंशनरों का महंगाई भत्ता व राहत बढ़ा सकती है। अभी प्रदेश के कर्मचारियों को 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। जबकि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए इसे बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर चुकी है।

# बुरहानपुर के चिड़ियापानी गांव में पुलिस दल पर हमला, 3 पुलिसकर्मी घायल



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में नेपानगर थाना क्षेत्र के चिड़ियापानी गांव में लूट के आरोपितों को पकड़ने पहुंचे पुलिस दल पर आदिवासियों ने हमला कर दिया। हमले में पत्थर लगने से एक पुलिस अफसर सहित 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस दौरान पकड़े गए दो आरोपितों में से एक फरार हो गया। हमला करने वाले अज्ञात लोगों पर बलवा और शासकीय कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है।

# बड़ी राहत: कोरोना के मामलों में आई गिरावट



**नई दिल्ली।** कोरोना मामलों को लेकर सोमवार का दिन राहत लेकर आया। बीते 24 घंटे में कोरोना के 27,254 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि 219 संक्रमितों की मौत हो गई। वहीं, 37,687 मरीज इस बीमारी को मात देकर घर लौट गए। कोरोना केस में आ रही गिरावट से हालात सामान्य हो रहे हैं। हालांकि, केरल में कोरोना का आंकड़ा अब भी चिंता का सबब बना हुआ है। राज्य में कोरोना के दैनिक मामले 25 हजार से ऊपर आ रहे हैं। वहीं, 150 से ज्यादा लोग कोरोना की वजह से दम तोड़ रहे हैं। कोरोना का डेल्टा वैरिएंट यहां पर लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। देशभर में कोरोना की संख्या में कमी टीकाकरण अभियान को तेज करने से आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सीनेशन ड्राइव तेज होने की वजह से कोरोना के नए मामले कम हो रहे हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण कवच बनकर सामने आ रहा है। टीका लेने वाले लोगों में कोरोना संक्रमण फैलने की आशंका कम होती है। देश के छह राज्यों में कोरोना की पहली खुराक का वैक्सीनेशन अभियान 100 फीसदी पूरा कर लिया गया है। पिछले महीने हिमाचल प्रदेश को सबसे पहले यह कामयाबी मिली थी और अब इस सूची में पांच और राज्यों के नाम शामिल हो गए हैं। इन सभी छह राज्यों में कोरोना की पहली खुराक का 100 फीसदी टीकाकरण हो चुका है।

# बैंक मैनेजर और 18 किसानों पर केस दर्ज

**राजगढ़, धार।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में 96 लाख से अधिक का धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। यह धोखाधड़ी तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने किसानों के साथ मिलकर की है। बैंक के अधिकारियों के आवेदन पर जांच के बाद रविवार रात को स्थानीय पुलिस थाने पर एसडीओपी आरएस मेड़ा ने राजगढ़ थाने पर तत्कालीन शाखा प्रबंधक और 18 किसानों पर प्रकरण दर्ज करवाया है।






# मगरमच्छ के पेट से निकला 6 हजार साल पुराना खजाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक शिकारी ने एक 13 फुट लंबे मगरमच्छ का शिकार किया। जब पानी के सबसे खतरनाक जीव का पेट काटकर देखा गया तो भीतर से जो मिला वह देखकर शिकारी सन्न रह गया। साथी शिकारी जॉन हैमिल्टन एक विशालकाय मगरमच्छ को काटने के लिए अमेरिकी शिकारी शेन स्मिथ के पास लेकर पहुंचे। जब दोनों ने मगरमच्छ को काटा तो उन्हें इसके शरीर के भीतर एक प्राचीन तीर का सिरा और (लट्टू जैसा यंत्र) मिला। शेन ने अनुमान लगाया कि मगरमच्छ ने उस तीर को खा लिया होगा जो उस पर मारा गया था। एएल की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के भूविज्ञानी ने अध्ययन किया और पाया कि ये चीजें 5000 से 6000 साल पुरानी हैं और संभवत: जमीन पर पड़ी थीं। शेन के प्लांट फेसबुक पर लिखा, हम कुछ बड़े मगरमच्छों को काट रहे हैं यह देखने के लिए कि उनके पेट में क्या है। फेसबुक पोस्ट में लिखा गया, अभी तक सभी के भीतर से कुछ रोचक ही निकला है। जॉन हैमिल्टन आज 13 फीट पांच इंच लंबे मगरमच्छ को लेकर आए है, जो बेहद चौंकाने वाला था। इतिहासकारों का कहना है कि टूटे हुए तीर का सिरा और प्लमेट पुरातन काल के दौरान मूल अमेरिकियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मछली पकड़ने के यंत्र के प्रकार हैं। मगरमच्छ का पेट कुछ प्राचीन यंत्रों के साथ मछली की हड्डियां, पंखों, बालों और बदबूदार तरल पदार्थ का घर था। शेन ने बताया, पहले मैंने सोचा था कि मैं इसे फेसबुक पर पोस्ट नहीं करूंगा क्योंकि कोई भी इस पर विश्वास नहीं करेगा। लेकिन जल्द ही उन्होंने अपना विचार बदल दिया और इसे फेसबुक पर शेयर किया। उन्होंने मजाक में कहा, शायद मैं पृथ्वी पर एकमात्र व्यक्ति हूं जिसने एक मगरमच्छ के पेट से तीर निकाला है।




# डेंगू बुखार के बाद आसमान पर बकरी के दूध के दाम

**फिरोजाबाद।** सुहानगरी में डेंगू के डंक ने एकाएक बकरी का दूध, नारियल का पानी और कीवी के दामों में इजाफा कर दिया है। इन दिनों सुहागनगरी में बकरी का दूध 1500 रुपये लीटर तक बिक रहा है। वहीं नारियल पानी चालीस से पचास रुपये और एक कीवी 30 से 40 रुपये तक बेची जा रही है। इसका प्रमुख कारण चिकित्सकों द्वारा प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए नारियल पानी, कीवी और बकरी का दूध का सेवन करने की सलाह देना है। बकरी के दूध के लिए लोग दूर दराज से तक जा रहे हैं। हालांकि डेंगू से पहले बकरी का दूध महज 50 रुपये लीटर तक आसानी से मिल जाता था। कोरोना के बाद डेंगू-वायरल के प्रकोप से सुहागनगरी में त्राहि-त्राहि मची हुई है। प्रतिदिन मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोग चिकित्सकों से सलाह लेकर स्वयं को स्वस्थ रखने की कोशिश कर रहे हैं। चिकित्सकों की सलाह पर बकरी का दूध, नारियल पानी और कीवी का खूब सेवन किया जा रहा है।

# महावीर स्वामी के सिद्धांत जियो और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है पर्यूषण पर्व

## मंदिरों में पूजा अर्चना करने उमड़ रहे श्रद्धालु, कोरोना गाइडलाइन के चलते इस वर्ष नहीं हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

**कटनी। दिगंबर जैन समाज का पर्युषण पर्व 10 सितंबर से शुरू हो गया है। कोरोना संक्रमण के चलते राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के चलते इस वर्ष जैन बोर्डिंग हाऊस में धर्मसभा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जा रहा है। पर्युषण पर्व को लेकर जैन समाज के लोगों द्वारा प्रतिदिन मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की जा रही है।**



जैन धर्म के इस त्योहार को पर्वों का राजा कहा जाता है। जैन धर्मावलंबियों के लिए यह त्योहार काफी महत्व रखता है। पर्युषण पर्व भगवान महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है और मोक्ष प्राप्ति के द्वार खोलता है। दिगंबर जैन समाज के लोग पयुर्षण पर्व को दशलक्षण पर्व से भी संबोधित करते हैं, इसमें 10 दिन का व्रत होता है। अलग-अलग दिनों में इंसान को अपने व्यवहार और कर्म को ध्यान में रखकर कार्य करना होता है। दसलक्षण पर्व को ही पर्युषण पर्व भी कहा जाता है। जैन समाज का सबसे बड़ा त्योहार होने के कारण इसे महापर्व भी कहा जाता है। इसको मनाने को लेकर लगभग महीने भर से पर्व की तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। पर्व के 10 दिनों में हरी सब्जी का पूर्णतः त्याग रहता है और जैन धर्मावलंबी 24 घंटे में एक बार ही भोजन करते हैं। कुछ लोग 10 दिवसीय उपवास भी रखते हैं। पर्व के बाद क्षमावाणी पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम स्थल पर सभी लोग एक दूसरे से साल भर में हुई गलतियों की क्षमा मांगते हैं। यह ऐसा त्यौहार है, जहां पूरा सम्प्रदाय उपवास एवं त्याग के माध्यम से आत्मशुद्धि करता है। इस दरम्यान हर व्यक्ति धर्म के मूल सिद्धांतों का पालन करता है, जो है सही ज्ञान, सही विश्वास और सही आचरण, यह मूल मुक्ति अथवा मोक्ष पाने के लिए सबसे आवश्यक माने जाते हैं। उपवास के दौरान लोग धार्मिक कार्यों, मसलन पूजा-पाठ, संतों की सेवा, शास्त्रों का ध्यान और दान देने का संकल्प करते है।

### क्रोध को दूर करें और मन में विनम्रता का भाव



पहले दिन कोशिश की जाती है कि अपने अंदर क्रोध का भाव पैदा न होने दे। अगर ऐसा भाव मन में आए, तो उसे विनम्रता से शांत करना चाहिए। दूसरे दिन अपने व्यवहार में मिठास और शुद्धता लाने का प्रयास किया जाता है। आप मन में किसी के लिए घृणा नहीं रख सकते।

*-सरिता जैन*

### कम बोलें, अच्छा बोलें और सच बोलें



पर्युषण पर्व के तीसरे दिन आप जो सोच लेतें है, उस पर अमल करके उसे सफलतापूर्वक अंजाम देना आवश्यक होता है, यानी आपने जो कहा है, जो सोचा है, उसे पूर्ण करना जरूरी है। चौथे दिन कोशिश की जाती है कि आप कम बोलें, लेकिन अच्छा बोलें, सच बोलें।

*-भूरी जैन*

### मन पर काबू रखते हुए संयम से काम लेना जरूरी



पर्युषण पर्व के पांचवें दिन मन में किसी भी तरह का लालच नहीं रखना चाहिए। किसी तरह का स्वार्थ आपके मन में नहीं होना चाहिए। पर्व के छठवे दिन मन पर काबू रखते हुए संयम से काम लेना जरूरी होता है। पर्युषण पर्व के दौरान इन निमयों का पालन जरूरी होता है।

*-शालू जैन*

### मलीन वृत्तियों को दूर करते हुए तपस्या करना चाहिए



पर्युषण पर्व के सातवें दिन मलीन वृत्तियों को दूर करने के लिए जो बल चाहिए, उसके लिए तपस्या करना जरूरी होता है। पर्व के आठवें दिन पात्र को ज्ञान, अभय, आहार, औषधि आदि सद्वस्तु देना चाहिए। इन नियमों का पालन करते हुए पर्व के अंतिम दिन क्षमा मांगना चाहिए।

*-श्रीमती नीता जैन*

### मन में किसी वस्तु के लिए स्वार्थ नहीं रखना चाहिए



पर्युषण पर्व के नवमे दिन किसी भी वस्तु आदि के लिए मन में स्वार्थ नहीं रखना चाहिए। पर्व के दसवें दिन सद्गुणों का अभ्यास करना और अपने को पवित्र रखना चाहिए। इससे आत्मशांति मिलती है। मन को एकाग्रचित्त रखना आवश्यक होता है। जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व होने के कारण इसे पर्वों का राजा कहा जाता है। *-श्रीमती जैन*



# पारिवारिक न्यायालय में पति पत्नी के बीच हुआ समझौता

**कटनी।** शनिवार 11 सितम्बर को जिला न्यायालय कटनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में न्यायालय माननीय श्री आर0पी0 सोनी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कटनी में चल रहे प्रकरणों में से एक प्रकरण महक विरूद्ध अमर (पति-पत्नी) के बीच घरेलु विवाद के कारण लगभग 03 वर्षो से अलग रह रहे पति पत्नी के बीच समझाईश देकर समझौता कराया गया। उक्त प्रकरण वर्ष 2018 से कुटुम्ब न्यायालय कटनी में चल रहा था, जिसमें माधवनगर निवासी पक्षकार महक एवं जबलपुर के निवासी अमर के बीच न्यायालय द्वारा मध्यस्थता कराये जाने पर पति-पत्नी साथ रहने के लिये राजी हो गये। महक की ओर से अधिवक्ता मीना सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण इनके दो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया था, परंतु इस समझौते से बच्चों को मां-बाप का प्यार मिल पाया। साथ ही बच्चों के भविष्य को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

## आईटीआई मे प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग 15 सितम्बर तक

**कटनी।** जिले की सभी शासकीय आईटीआई में सत्र 2021 के लिए प्रवेश के तीन चरण के पूरा होने के बाद शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 15 सितम्बर तक रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग की जा सकेगी। इस संबंध में प्राचार्य एन. के. पटेल ने बताया की जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था, अब वे भी इस प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। वर्तमान मे संस्था मे संचालित 10 व्यवसाओ मे लगभग 60 प्रतिशत सीटें रक्ति हैं। जिनमें प्रवेश के लिये 14 वर्ष से अधिक उम्र के दसवीं कक्षा उत्तीर्ण बिद्यार्थी किसी भी एमपी ऑनलाईन कियोस्क सेंटर जाकर या स्वयं पजपण्उचवदसपदमण्हवअण्पद के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग करवा सकते हैं। महिला आवेदको के लिए 30 प्रतिशत शीटें आरक्षित रहेंगी।

# जल जीवन मिशन में 2521 करोड़ से अधिक के कार्य मंजूर

**कटनी।** प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र की जल व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार की कारगर पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 2521 करोड़ 23 लाख 44 हजार रूपये लागत की जलप्रदाय योजनाओं की जल जीवन मिशन में मंजूरी दी है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की अब तक की सर्वाधिक 2840 जलसंरचाएँ शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री मलय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के 45 जिलों की ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं से जुड़े 2840 प्राप्त प्रस्तावों का नियमानुसार परीक्षण कर सक्षम अनुमोदन उपरांत स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पहलीबार इतनी बड़ी राशि की जलप्रदाय योजनाओं की एकजाई मंजूरी दी गई है। विभाग का मैदानी अमला यथाशीघ्र जलप्रदाय योजनाओं को पूरा कर ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगा।

**ग्रामीण क्षेत्र की अब तक की सर्वाधिक 2840 जलसंरचनाएँ शामिल**

प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर जल -संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक करीब 3260 ग्रामों के शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा चुकी है। जल जीवन मिशन जल गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों, सांसद आदर्श ग्रामों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल्य ग्रामों को प्राथमिकता में रखा जाता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष (31 मार्च 22) तक ग्रामीण आबादी को कुल 22 लाख 805 नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा था। विभाग द्वारा एकजाई 2840 जलप्रदाय योजनाओं की इस मंजूरी से आगामी माहों में विभाग की सुनियोजित और समयबद्ध कार्रबाई से शेष लक्ष्य को पूरा किया जायेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दी गई स्वीकृति में भोपाल जिले की 31, रायसेन 53, सीहोर 17, विदिशा 37, राजगढ़ 37, होशंगाबाद 97, बैतूल 194, हरदा 44, धार 34, झाबुआ 14, खरगोन 148, बड़वानी 07, खण्डवा 57, उज्जैन 29, नीमच 03, शाजापुर 29, रतलाम 80, आगर मालवा 11, देवास 107, मंदसौर 64, ग्वालियर 28, अशोकनगर 19, शिवपुरी 39, दतिया 02, गुना 23, मुरैना 266, श्योपुर 27, भिण्ड 46, सागर 82, पन्ना 11, छतरपुर 57, टीकमगढ़ 06, जबलपुर 205, कटनी 57, मण्डला 90, बालाघाट 28, नरसिंहपुर 26, डिण्डौरी 51, छिन्दवाड़ा 207, सिवनी 183, रीवा 145, सतना 23, सीधी 55, शहडोल 40, तथा अनूपपुर जिले की 31 जल संरचनाएँ शामिल हैं। मिशन में नवीन जलप्रदाय योजनाओं के साथ ही विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नए सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत भी कार्य किये जायेंगे।

**प्रतिदिन होने लगा लाखों का कारोबार**

# सराफा बाजार में लौटी रौनक

## गणेश चतुर्थी से सोने-चांदी के आभूषणों की बढ़ी खरीददारी



**कटनी।** कोरोना संक्रमण की चुनौती से निपटने के बाद बाजार अनलॉक हुआ तो धीरे-धीरे अब कारोबार भी पटरी पर आ रहा है। कटनी की परंपरागत सराफा बाजार में एक बार फिर रौनक लौटने लगी है। सुभाष चौक से झंडा बाजार गली की सराफा दुकानों से लेकर सराफा बाजार की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी है तो इन दिनों त्यौहार की खरीददारी का दौर भी चल रहा है।

ज्यादातर दुकानों में सोने व चांदी की चुड़ी की खरीददारी ज्यादा हो रही है। हांलाकि दूसरे जेवरों की भी खरीददारी हो रही है लेकिन सोने की चुड़ियां महिलाओं की खास पसंद है।

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी बताते हैं कि फिलहाल बाजार बढ़िया चल रहा है। शहर में ढाई सौ से ज्यादा सोने-चांदी की दुकानें हैं। इन दिनों प्रतिदिन 20 लाख रुपए से ज्यादा का कारोबार हो रहा है। सोने की चुड़ियां महिलाओं को ज्यादा पसंद आ रही है। कटनी में आकर्षक जेवर भी बनाए जाते हैं, जिसकी खरीददारी के लिए आसपास जिले से भी फुटकर दुकानदार आते हैं।

### संतान सप्तमी के कारण जमकर हुई चूड़ियों की बिक्री

गौरतलब है कि आज संतान सप्तमी का पर्व पूरे जिले में श्रृद्धा, भक्ति व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। संतान सप्तमी पर्व की वजह से सराफा बाजार में जमकर सोने व चांदी की चूड़ियों की बिक्री हुई। चूड़ियों की बिक्री से व्यापारियों ने भी जमकर चांदी काटी।

### शहर के आभूषणों की आसपास के जिलों में भी है डिमांड

सोने-चांदी के जेवर के मामले में कटनी में बनी आभूषणों की डिमांड रहती है। यहां शहर व जिले के अलावा आसपास जिले से भी फुटकर दुकानदार खरीददारी के लिए आते हैं। इसमें उमरिया, दमोह व पन्ना सहित अन्य जिले शामिल हैं।

# खानपान में भी ग्राहकों को लुभाने लगे दुकानदार

## प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर फुल्की का स्वाद और बेहतर बनाने की तैयारी




**कटनी। कोरोना संकट काल के बाद एक बार फिर लोग अपने पसंदीदा स्थान पर फुल्की का लुत्फ उठाने आ रहे हैं तो दुकानदार ने भी बदलने समय के साथ स्वाद के बीच तकनीक का सहारा लेने का निर्णय लिया है।**

सुभाष चौक स्थित मस्ताना मस्ताना फुल्की सेंटर के संचालक आनंद वर्मा बताते हैं कि इस बार फुल्की पानी मिक्स करने के लिए मशीन लगाने की तैयारी है। जिससे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं की डिमांड कम समय में पूरी जा सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रतिदिन लगभग 7 हजार फुल्की बिक रही है लेकिन यह संख्या बढ़ने वाली है। इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी है। आनंद बताते हैं कि आगे अब ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर फुल्की का स्वाद और बेहतर बनाएंगे।

### ये है व्यापारियों की मांग

पैसेंजर ट्रेनें और चले-कटनी के व्यापारियों की मांग है कि पैसेंजर से ट्रेनें और चलाई जाएं। खासकर ट्रेनों की टाइमिंग ऐसी हो कि सभी दिशाओं से कटनी आने वाली पैसेंजर ट्रेनें यहां सुबह 10 से 11 के बीच पहुंचे और शाम को 4 से 5 बजे के बीच रवाना हों।

### जाम की समस्या

शहर में जाम की समस्या भी व्यापार को नुकसान पहुंचाती है। इसके लिए जरुरी है कि जाम लगने वाले स्थान चिन्हित कर उसे दूर करने के प्रयास समय रहते किए जाएं। कोशिश हो कि जाम की समस्या से निजात दिलाने ठोस उपाय हों।



# ऑक्सीजन देने वाले पौधों का रोपण जरूरी

**कटनी।** मानव जीवन से स्वस्थ तभी होगा, जब कदम कदम पर पौधे लगेंगे पौध रोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है ऑक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता बढ़ती जनसंख्या और घटती पेड़ पौधे मानव जीवन के अस्तित्व के लिए खतरा है पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को पहल करनी होगी तभी हम लक्ष्य को पूरा कर सकेंगे उक्त आशय के विचार महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड की जागरूक महिलाओं ने पौधरोपण अवसर पर कही उन्होंने आगे कहा कि पौधे हमें ना सिर्फऑक्सीजन देते हैं बल्कि फूल फल औषधि इमारती लकड़िया भी देते हैं पौधों को खुद रोपने के लिए तत्पर हो और आसपास के लोगों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करें और हमारा यही प्रयास है इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद प्रीति संजीव सूरी श्रीमती पुष्प लता पटेल शीतल सूरी राखी अरोरा हेमलता पटेल सुनीता गुप्ता उमा केवट रूबी मिश्रा सरिता पटेल सुनीता विश्वकर्मा कांति पटेल संदीप चौरसिया वैष्णवी अरोरा काव्या ज्ञानसी की सहभागिता रही।

# वृक्षारोपण कर लोकऋण से मुक्त हों







**कटनी।** संसार में मनुष्य पाँच ऋण लेकर जन्म लेता है। देवए पित्र, गुरू, लोक और भूत। जब तक ऋण पूरा नही होता तब तक मनुष्य का योनियों में आना.जाना लगा रहता है। इन ऋणों से मुक्ति उपरांत ही जीवन में मोक्ष को पाया जा सकता है। हम संसार में अपने जीवन को बनाए रखने के लिए वृक्षों से भोजन, वस्त्र, आवास और प्राण वायु रूपी आक्सीजन प्राप्त करते है इसका ऋण हम पर जीवन काल भर लोकऋण के रूप में बढता रहता है। इसी भावना से प्रातःकालीन भ्रमण दल ने कैलवारा खुर्द मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। डा रविशंकर बड़गैया के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने फलदायक एवं छायादार वृक्ष रोप कर इस मुहिम का आगाज किया उन्होनें बताया कि वृक्षारोपण का यह कार्य आगे भी जारी रहेगा तथा सभी सदस्य समय.समय पर उपयुक्त स्थानों पर भ्रमण कर इसी प्रकार नये वृक्षों को लगाकार उनका पोषण भी सुनिश्चित करेंगे। पं सी एम पांडे ने युवा पीढ़ी के इस पुनीत कार्य को जारी रखने का शुभाशीष देते हुए कहा कि युवाटोली का यह कार्य अनुकरणीय है जिसे सतत जारी रखा जाये। दशरथ पांडेए जेपी वर्माएगनेश कुशवाहा, जीपी गर्ग, श्रीकांत गर्ग, जे पी वर्मा, केशव मिश्रा, देवेन्द्र नारायण बडगैया, विनोद बडगैया, विनोद पांडे, अशोक पाल, खूब चंद साहूराजू बर्मन, सुधीर गर्ग, सुशील तिवारी, संदीप तिवारी, शिवम बडगैया आदि ने आम, खमेर, इमली, कदम, जामुन, सहजन, शमी आदि वृक्ष लगाकार इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

यश भारत


# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 13 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।


मरही माता मंदिर बावली टोला में विराजे गणपति।


बावली टोला मार्ग पर विराजे बुद्धि विनायक।


आजाद चौक बावली टोला में स्थापित मंगलमूर्ति।


नवयुवक गणेश उत्सव समिति, रोशननगर।


सम्राट गली पुरानी बस्ती में विराजमान गणपति।


शुभम थर्माकोल आर्ट्स, सम्राट गली, आजाद चौक।

# खेत में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत



**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरदुआ कला निवासी एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की विगत दिवस करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग पंचनामा करते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरदुआकला निवासी संतोषी पिता स्वर्गीय सुम्मा पटेल रोजाना की तरह अपने खेत में काम कर रहे थे, इसी दौरान खेत में लगे मोटर पंप की करंट प्रवाहित तार से उन्हें करंट लग गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक हिम्मत लाल यादव आरक्षक नीलेश पटेल, लालू यादव एवं डायल 100 के चालक स्वतंत्र निगम मौके पर पहुंचे और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# आंख में गमछा बांधकर ट्रेन के सामने कूद गया युवक





**कटनी/रीठी।** बीना-कटनी रेलखंड पर टिहकारी गेट व कैना के बीच आंख में गमछा बांधकर एक युवक ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आते ही युवक का धड़ दो हिस्सों में बंट गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय मैकू आदिवासी नामक युवक ग्राम टिहकारी में अपनी नानी के यहां रहता था। बताया जाता है कि मैकू आज सुबह साढ़े आठ बजे के लगभग टिहकारी गेट व कैना के बीच रेल लाइन के किनारे पहुंचा और आंख में गमछा बांधकर यहां से गुजर रही एक मालगाड़ी के सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आकर युवक का धड़ कमर से दो हिस्सों में बंट गया और उसकी मौत हो गई। मैकू ने यह आत्मघाती कदम कैसे व किन परिस्थितियों में उठाया। अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## बिना दस्तावेज हो रहा था सवा पांच लाख की तिली का परिवहन

**कृषि उपजमंडी के उड़नदस्ता दल ने की कार्रवाई**

**कटनी।** कृषि उपज मंडी के उड़नदस्ता दल ने अनाज के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई मंडी सचिव पीयूष शर्मा के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी का उड़नदस्ता दल वाहनों की जांच करा था। लमतरा के पास से वाहन क्रमांक एम.पी.20जीबी-1637 को रोककर पूछताछ की। उक्त वाहन सिंग्रामपुर जिला दमोह से आया था। चालक के पास अनाज परिवहन संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। अवैध परिवहन मानते हुए उड़नदस्ता दल ने कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में 59 क्विंटल 20 किलोग्राम तिली लोड है। इसकी दर 8800 रुपये प्रति क्विंटल है। जिसकी कीमती 5 लाख 20 हजार 960 रुपये है। इस पर मंडी शुल्क 39 हजार 75 रुपये, निराश्रित शुल्क 1024 रुपये, समझौता शुल्क 3000 हजार रुपये लगाया गया। कार्रवाई के दौरान एएसआइ संजय मिश्रा, प्रेमकुमार माझी, अमित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# 20 दिनों से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे ग्रामीण

**विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरी के वाशिंदे पिछले 20 दिनों से अंधेरे में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। एक ओर ग्राम के चारों ओर कृषि एवं जंगल है, तो वहीं वर्षा के कारण जीव जंतु रहवासी क्षेत्र में आ जाने के कारण लोगों को भय सताता रहता है, इसके बाद अंधेरे में रहना ओर भी कठिन हो जाता है।**

ग्राम के रामेश्वर प्रसाद तिवारी, रविशंकर दुबे, अच्छे लाल चौधरी, रामा तिवारी, शिवशंकर दुबे, रामनरेश साहू सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में 2 घरेलू विद्युत ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, किंतु स्थानीय विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनदेखी से ग्रामीण रहवासी अंधेरे में रात बिताने मजबूर रहते हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी ग्रामीणजनों द्वारा ग्राम पंचायत एवं विजयराघवगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय में दी गई किंतु विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। क्षेत्र के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि किसी अनहोनी घटना से पूर्व दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाकर ग्रामीणों को अंधेरे से निजात दिलाई जाए।




**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुंचे विधायक

**परिवारों को बंधाया ढांढस, दी अपनी संवेदनाएं**





**विजयराघवगढ़।** जन्म और मृत्यु तो सृष्टि का नियम है। इस संसार में जो आया है, उसे इस नश्वर संसार से एक न एक दिन जाना ही पड़ता है, परंतु किसी अपने के जाने का दर्द समाज में लोगों द्वारा बांटने से कम होता है। यही जीवन का नियम है। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान कैमोर एवं सिंगौड़ी मंडलों में ऐसे परिवारों के बीच शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे, जिन परिवारों में पिछले दिनों जीवन का सबसे बड़ा दुख आया था। उन्होंने कैमोर में आशिक बेग के पिता स्व. रमजान बेग, दिनेश सिंह ठाकुर के बड़े भाई स्व. शेखर ठाकुर, छोटे भाई समान मनोज द्विवेदी, नारायणदास बत्रा, नवाब खान के भाई मोहम्मद इशहाक खान के आकस्मिक निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इसी तरह विधायक श्री पाठक सिंगौड़ी मंडल के अंतर्गत युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण राजा पांडे के पिता भागवत प्रसाद पांडे, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील सोनी की माता श्रीमती गुलाब रानी सोनी, नवलेश सिंह की बहन श्रीमती सुभाष सिंह के निधन पर सभी परिवारों के बीच पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, प्रमोद सोनी, गुरुदीप सिंह बेदी, अशोक पाठक, पप्पू शर्मा, संतोष केवट, सोनू सेठी, सुदामा गर्ग, रजिया बेगम, जावेद मियादाद, किशन अग्रवाल, राहुल जायसवाल, शिवम पांडे, भवानी मिश्रा, डिप्पू बड़गैंया, निलेश रजक, दीनू ठाकुर, गुड्डू बघेल, संजू परौहा, मनीष नवेत, ओम प्रकाश तिवारी की उपस्थिति रही।

## माधवनगर में अवैध कलारी बंद कराने की मांग

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के गांधी मार्केट में बबलू नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से देशी कलारी चलाई जा रही है। अवैध कलारी की वजह से क्षेत्र के व्यापारियों के साथ ही महिलाओं और नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय निवासियों द्वारा विगत 3 सितंबर को की गई थी, जिसके बाद शिकायतकर्ता को 4 सितंबर को उक्त व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। अवैध कलारी चलाने वालों का कहना है कि यहां अवैध कलारी बंद नही होगी। जिसकी पर लिखित शिकायत माधवनगर थाने में की गई। शिकायत में बताया गया है कि उक्त व्यक्ति अपराधिक मानसिकता वाला है। क्षेत्र के लोगों ने विधायक मुड़वारा, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से अवैध कलारी बंद करवाने की मांग की है।

**यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033**

## रोशन नगर में शासकीय भूमि पर किया जा रहा अवैध कब्जा



**कटनी।** रोशननगर क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची हुई है। तिलक कॉलेज से एसकेपी कॉलोनी मार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जाना है, जिसके लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी प्रस्तावित है, जिसके लिए अतिक्रमण भी चिन्हित किया जा चुका है। रोशन नगर में चौबे मार्केट के सामने बीच रोड पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसकी शिकायत पूर्व में स्थानीय निवासी उमाशंकर सिंह, विजय सोनकर व अन्य निवासियों द्वारा तहसीलदार कटनी को की गई थी, जिसमें स्थगन आदेश भी जारी किए जा चुका है। अतिक्रमण करने वाले शासन के दिशा-निर्देश की अव्लेहना कर मुख्य मार्ग पर किए गए कब्जे को किसी दूसरे रकवे के दस्तावेज लगाकर विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि उपरोक्त सम्पत्ति मुख्य मार्ग की है, जिसमें चौड़ीकरण भी प्रस्तावित है। स्थानीय निवासियों ने पुनः प्रशासन को शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा जितेन्द्र पटेल, धीरेन्द्र पटेल, रीतू पटेल, प्रीति पटेल, सीतू पटेल, सभी के पिता स्व. श्री भागूराम पटेल, सभी निवास पवई वार्ड नं. 05 तहसील पवई जिला पन्ना म.प्र. की अंचल संपत्ति मौजा पवई, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. पवई, तहसील पवई जिला पन्ना म.प्र. में स्थित है। जिसका नगर परिषद पवई मकान नं. 44/05, है जो कि कुल रकवा 1312 वर्गफुट पर पक्की दुकान/मकान निर्मित है। जोकि नगर परिषद पवई में मेरे पक्षकारों कि मां राजकुमारी पति स्व. श्री भागूराम पटेल के नाम पर दर्ज है तथा जिस किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विधि मान्य दस्तावेजों सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। अस्तु सर्वसाधारण की जानकारी सूचना प्रकाशित है। दिनांक 13.09.2021

भवदीय
राकेश निषाद (एडवोकेट) तहसील परिसर कटनी
जिला-कटनी म.प्र., मो. 9770869322

**कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर नवीन सरस्वती मछुआ सह. समिति मर्या. घंघरीखुर्द पं.क्र. 249**
**नवीन सरस्वती मछुआ सह. समिति मर्या. घंघरीखुर्द पं.क्र. 249 के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।**
**दिनांक- 13.09.2021**

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक 13.09.2021, (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक 20.09.2021, (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक 21.09.2021, (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक 22.09.2021 (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक 28.09.2021 (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक 29.09.2021 (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक 29.09.2021 (8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक 03.10.2021। उक्त सभी कार्यक्रम संस्था कार्यालय घंघरीखुर्द में संपन्न होंगे। संस्था के समस्त सदस्यों को निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना संस्था प्रेषित की जा रही है।

**ज्योति सोनी (रिटर्निंग ऑफीसर)**
**नवीन सरस्वती मछुआ सहकारी समिति मर्यादित घंघरीखुर्द पं.क्र. 249**

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जांच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी

अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर



# दावे बड़े लेकिन हकीकत कोसों दूर

### नगर निगम ने किया कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का दावा

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में रोजाना दो पालियों मे नगर के विभिन्न वार्डो में स्प्रेपंप के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों के छिडकाव का अभियान युद्धस्तर से कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि विगत दिवस द्वितीय पाली मे नगर के विभिन्न स्थलों कुठला बस्ती की विभिन्न गलियों, वीर सावरकर वार्ड स्थित जंगल दफ्तर प्रांगण में निर्मित भवनों एवं आसपास के गढडों तथा एल.आई.सी ऑफिस के पीछे गुप्ता कॉलोनी के विभिन्न स्थलों,राजीव गांधी वार्ड, गणेष चौक के विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, गढडा टोला मलिन बस्ती, तिवारी जी के सामनें वाली गली, बरगवां दुर्गा मंदिर के आसपास, पांण्डेय मोहल्ला, नेन्सी स्कूल के सामनें गोंटिया बस्ती सहित वार्ड के अन्य विभिन्न स्थलों, लखेरा स्थित शासकीय स्कूल टिकरिया एवं वंशकार बस्ती, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर तथा वंशकार बस्ती, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित पुराना निरंकारी भवन, तेजाब कारखाना सहित कैरिन लाईन की विभिन्न गलियों में स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिडकाव कार्य कराया गया। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु आज प्रातः से नगर के विभिन्न जैन मंदिरों, गणेश पंडालों के आसपास सफाई की जाकर चूनें की लाईनिंग के साथ साथ मुख्य मार्ग की सार्वजनिक सडकों, डिवाईडर, नाले नालियों, कचरें के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु प्रथम पाली में अभियान चलाकर वेंकट वार्ड स्थित सुब्बाराव गली, सौंधिया गली, दुर्गा मंदिर गली, गुडडा खरे गली, चक्की घाट रोड, पटवा जी के मैदान सहित अन्य समस्त क्षेत्रों, गुरूनानक वार्ड स्थित कमानिया गेट गली बजरंग बली मंदिर के आसपास, सुलभ काम्पलेक्स गली, गजानन काम्पलेक्स गली, गोल बाजार, गर्ग चौराहा सहित वार्ड की अन्य विभिन्न गलियों, अंबेडकर वार्ड सोनी बगीचा बैलट घाट, मदन मोहन चौबे वार्ड छुल्हा टोला बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों में कीटनाशक दवा का छिडकाव कार्य कराया गया।






# राजेश प्रखर बने कायस्थ महासभा के अध्यक्ष

**कटनी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक का आयोजन शिवाजी नगर स्थित कार्यालय में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राजेश प्रखर को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा बधाई दी गईए एव नव कार्यकारिणी गठन पर सभी के सुझाव लिये गएए समाज के द्वारा सार्थक समाज सेवी गतिविधियों पर चर्चा हुई। बैठक में अध्यक्ष एम एल खरे, मुख्य अतिथि सोहनलाल श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अनिल खरे, हेमंत श्रीवास्तव, विंनोद श्रीवास्तव, मनोज निगम, रमाकांत गुमास्ता, रणवीर कर्ण, अजय खरे, पंकज, संजीव श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, प्रीति खरे, गीतांजलि श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, समीप श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। संचालन एडवोकेट राकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## शतप्रतिशत वेक्सीनेशन के लिए मुख्यमंत्री का संबोधन कल

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वैक्सीनेशन महा-अभियान के तहत 30 सितम्बर तक शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, वार्ड स्तरीय तथा ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों के सदस्यों को 14 सितंबर मंगलवार को अपराह्न 03:15 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिलों के जिला क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों के सदस्यों को एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेन्स रुम की क्षमता को देखते हुए उक्त रूम में आमंत्रित करने के लिये कहा गया है। इसके साथ ही शेष समिति सदस्य इस संबोधन में वीसी लिंक के माध्यम से भी जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान का यह संबोधन दूरदर्शन के साथ ही वेबकास्ट लिंक, फेसबुक लाइव, यू ट्यूब, ट्विटर पर भी देखा व सुना जा सकेगा।




# जेल में 60 कैदियों को फर्स्ट तथा 475 को लगी सेकेण्ड डोज

**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये कोविड वेक्सीनेशन अभियान जिले में सतत् रुप से जारी है। इस अभियान के तहत जहां शहरी क्षेत्रों में वेक्सीनेशन कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीकाकरण केन्द्रों का निर्धारण कर ग्रामीणों को भी वेक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में रविवार को जिला जेल कटनी में विशेष वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि रविवार को जिला जेल में आयोजित विशेष टीकाकरण शिविर के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को कोविड संक्रमण से बचाव के लिये टीकाकरण किया गया। इस विशेष कैम्प के दौरान 60 लोगों को वेक्सीन की प्रथम डोज लगाई गई है। वहीं 475 लोगों को सेकेण्ड डोज का टीकाकरण किया गया है।

# शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण को लेकर प्रशासन की पहल

## जनमानस को जागरूक करने कलेक्टर व अधिकारी संभालेंगे कमान



**कटनी।** कोरोना महामारी से बचाव को लेकर वैक्सीनेशन के लिए मध्य प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जागरूकता अभियान और वैक्सीनेशन महा अभियान के जरिए लोगों को जहां केंद्रों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तो वही वृद्धों, दिव्यांगों के घरों में पहुंचकर मोबाइल टीमें टीकाकरण करने का कार्य कर रही है। इसी प्रकार अब 17 सितंबर के महा वैक्सीनेशन अभियान से पहले जिला प्रशासन भी नई पहल प्रारंभ करने जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर तक जाकर लोगों से संवाद करेंगे और लोगों को शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर जागरूक करेंगे। इस दौरान नागरिकों से टीका संवाद कर ऐसे लोग, जिन्होंने अभी तक वैक्सीन का पहला डोज नहीं लिया है, उनको जागरुक कर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं प्रथम डोज लगवा चुके लोगों को समय सीमा पर दूसरा डोज लगाने के लिए भी टीकाकरण केंद्रों में पहुंचने का आग्रह किया जाएगा। 13 सितंबर से यह अभियान सुबह 9 बजे से एक साथ पूरे जिले में चलाया जाएगा।

**टीका संवाद, नागरिकों को टीकाकरण को लेकर करेंगे प्रेरित**

### प्रचार प्रसार की भी लेंगे जानकारी

घर-घर संपर्क अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। किस ग्राम पंचायत में टीकाकरण जागरूकता अभियान के तहत कितना प्रचार प्रसार हुआ है, इस बात की जानकारी भी टीका संवाद के दौरान ली जाएगी। लोगों से इस बात की जानकारी भी एकत्र की जाएगी की उनके गांव में बनाए गए टीकाकरण केंद्र में वैक्सीनेशन कार्य में लगी टीम निर्धारित समय पर पहुंच रही है अथवा उसमें लापरवाही बरती जा रही है।

### कलेक्टर सहित सीईओ जिला पंचायत, एडीएम भी करेंगे संवाद

टीका संवाद के अंतर्गत सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, एडीएम रामोनोज टोप्पो भी जिले के विभिन्न विकास खंडों में ऐसी पंचायतों में भ्रमण करेंगे, जहां पर टीकाकरण 70 प्रतिशत से कम हुआ है, उन क्षेत्रों में इस अभियान के तहत लोगों को वैक्सीनेशन कराने के लिए जागरूक करेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा बड़वारा व ढीमरखेड़ा विकासखंड के 10 गांव का भ्रमण करेंगे। वही जिला पंचायत सीईओ विजयराघवगढ़ व बरही और एडीएम रीठी व बहोरीबंद क्षेत्र का भ्रमण करेंगे।

# आत्महत्या के विचारों से हम कैसे बचें, रोल प्ले में समझाया

### आत्महत्या निषेध दिवस पर यूनिक आनंद क्लब के तत्वावधान में कार्यक्रम




**कटनी।** राज्य आनंद संस्थान की अवधारणा के अनुरूप गतदिवस 11 सितंबर 21 को ग्राम पिपरिया, ग्राम पंचायत पिपरिया में डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले आनंद संस्थान की उपस्थिति में यूनिक आनंद क्लब के सहयोग से विश्व आत्महत्या निषेध दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद मास्टर ट्रेनर आनंदम मनीषा कांबले के द्वारा एक वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों के स्वागत उपरांत अनिल कांबले द्वारा राज्य आनंद संस्थान के कार्यो एवं उद्देश्यों का संक्षिप्त परिचय के बाद आत्महत्या निषेध दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। मनीषा कांबले द्वारा एक गतिविधि कराकर यह बताया कि हम अनावश्यक बोझ से किस तरह बचे। तत्पश्चात रश्मि खरे, सपना मिश्रा एवं विभिन्न वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें नकारात्मक विचारों को कैसे सकारात्मक विचारों में परिवर्तित करना है। कैसे हम सभी अवसाद के विरुद्ध, युद्ध लड़ें। कार्यक्रम के द्वारा यूनिक आनंद क्लब के सदस्यों द्वारा आत्महत्या के विचारों से हम कैसे बचे, इस पर एक रोल प्ले प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी लोगों के द्वारा काफी सराहा गया। साथ ही आयोजन स्थल भवन के लिये ÷यूनिक आनंद क्लब÷ द्वारा अपनी ओर से एक सीलिंग फैन सौजन्य भेंट किया गया। इसी दौरान जन अभियान परिषद से उपस्थित बालमुकुंद मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के समेकन के साथ एक गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में एक संदेश हमें ÷जीवन लेना नहीं बल्कि देना है÷ के आधार पर उक्त स्थल पर आनंद संस्थान कटनी द्वारा यूनीक आनंद क्लब, होप आनंद क्लब ,जन अभियान परिषद एवं एवं ग्राम वासियों के सहयोग से वृक्षारोपण का आयोजन भी किया गया। अंत में सपना मिश्रा द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शरद यादव, शिवांश मिश्रा, ग्राम वासियों में कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, रमेश कुमार शर्मा, केशव चतुर्वेदी, यूनीक आनंद क्लब से सपना मिश्रा, मनीषा कांबले, रश्मि खरे, स्मृति करपते, आरती जाटव होप आनंद क्लब से नितेश नायक निष्ठा रावत एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।



# एएमओ एवं एमआई सेवा संघ की संभागीय कार्यकारिणी का गठन

**कटनी।** एएमओ एवं एमआई सेवा संघ मध्य प्रदेश की बैठक रविवार को संभाग जबलपुर में सामुदायिक भवन गोकुलपुर रांझी में जिला जबलपुर बालाघाट सिवनी मंडला डिंडोरी नरसिहपुर छिंदवाड़ा से आये हुये असिस्टेंट मलेरिया अधिकारी एवं मलेरिया इस्पेक्टर की उपास्थि में संभागीय कार्यकारिणी का गठन श्री नानूराम मिमरोट मलेरिया निरीक्षक उज्जैन की अध्यक्षता में किया गया। संभाग के अध्यक्ष पी के महार मलेरिया इस्पेक्टर कटनी को सर्व सम्मति से बनाया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला मर्सकोले एम आई सिवनी सह उपाध्यक्ष श्रीमती एच चिचखेडे बालाघाट श्रीमती रामबाई सचिव उमेश मर्सकोले सिवनी सह सचिव श्रीमती एस परते सिवनी श्रीमती रुक्मणी टेकाम सिवनी श्रीमती एस गजबी, जिला सिवनी कोषाध्यक्ष अशोक कोल नरसिहपुर सह सचिव एस एल उईके लामता डी एस नागेश मंडला गुलाब सिंग जबलपुर, आरके रामटेक मंडला मिडीया प्रभारी बलराम कोल मंडला मनोनीत किए गए।


### वार्षिक साधारण सभा की सूचना दिनांक 12/09/2021

आयुध निर्माणी कर्मचारी गृह निर्माण समिति मर्यादित कटनी पं.क्रं. 211 के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 29/09/2021 दिन बुधवार समय दोपहर 12:00 बजे से संस्था कार्यालय डेहरू लाईन, पुराने टिकुरी थाना के सामने डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड कटनी म.प्र. में आयोजित की गई है जिसमें समिति के सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

अध्यक्ष
**अशोक शर्मा**
आयुध निर्माणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कटनी
पंजीयन क्रमांक- 211
मो. 9713344445

उपाध्यक्ष
**गणेश श्रीवास**
आयुध निर्माणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कटनी
पंजीयन क्रमांक- 211
मो. 9302246617



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com


# चार केन्द्रों व दो मोबाईल वेन से किया टीकाकरण







**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमा क्षेत्र में आज आयोजित वैक्सीनेशन सत्र के दौरान नगर के चिन्हित तीन टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी कटनी, जिला उपजेल कटनी, प्राथमिक शाला पुरैनी एवं प्राथमिक शाला पहरूआ सहित दो मोबाईल टीम के माध्यम से टीकाकरण कराया गया। प्रभारी आयुक्त अशफाक परवेज के निर्देशन एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा की मॉनीटरिंग में निगम के नियुक्त टीकाकरण केन्द्र के 4 प्रभारियों एवं 12 सहयोगी कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण केन्द्रों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा साफसफाई, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, एवं आवश्यकतानुसार शामियाना आदि की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ती के प्रयास किये गए।नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को टीकाकरण का लाभ प्रदान करनें की दृष्टि से मोबाईल टीम के नियुक्त चार प्रभारियों एवं 14 सहयोगी कर्मचारियों द्वारा भी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध वर्ग आदि के माध्यम से शाम 4 बजे तक फारेस्टर वार्ड भरत चौक सहित नगर के अन्य स्थलों में वेक्सीनेशन से वंचित लोगों को प्रेरित किया जाकर मोबाईल वेन क्रमांक 1 से लगभग 225 लाभार्थियों तथा मोबाईल वेन क्रमांक 2 से लगभग 206 लाभार्थियों को टीकाकरण का लाभ प्रदान किया गया।

**टीकाकरणा केन्द्रों में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को कराया गया पूर्ण**

# वनडे और टी-20 में रोहित शर्मा हो सकते हैं कप्तान !

## सीमित ओवर क्रिकेट मैचों की कप्तानी से विराट के हटने की खबर




भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर व्हाइट बॉल क्रिकेट को लेकर बड़ा बदलाव होने की संभावना है। ऐसा कहा जा रहा कि टी-20 विश्व कप के बाद विराट कोहली के सीमित ओवरों की कप्तानी से हटने की उम्मीद है। उनकी जगह रोहित शर्मा को वनडे और टी-20 का कप्तान बनाया जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर सफेद बॉल क्रिकेट के लिए आने वाले समय में बड़ा परिवर्तन होने की संभावना है। ऐसा माना जा रहा है कि टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली अक्तूबर और नवंबर में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट से इस्तीफा द सकते हैं। वहीं टीम इंडिया के हिटमैन रोहित शर्मा को वनडे और टी-20 का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, 32 साल के विराट कोहली जो इस समय भारत के तीनों प्रारूपों के कप्तान हैं और भारत के अब तक के सबसे सफल कैप्टन रहे हैं, उन्होंने रोहित शर्मा के साथ कप्तानी की जिम्मेदारियों को शेयर करने का फैसला किया है। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली ने पिछले कुछ महीनों में रोहित और टीम मैनेजमेंट के साथ इस मुद्दे पर लंबी बातचीत की है।

### विराट खुद छोड़ेंगे कप्तानी !

इन सूत्रों का कहना है कि तीनों प्रारूपों की कप्तानी के दबाव के चलते विराट कोहली की बल्लेबाजी पर उसका ज्यादा असर पड़ा है। उधर कोहली का भी यही मानना है कि उनकी बल्लेबाजी को अधिक समय और अधिक स्पीड की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक विराट खुद कप्तानी से हटने का फैसला करेंगे, वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने की जरूरतों से वाकिफ हैं, इसी के चलते उन्हें दुनिया का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज कहा जाता है। आगामी साल 2022 और 2023 में भारत को दो विश्व कप खेलने हैं जिनके चलते विराट की बल्लेबाजी को अहम माना जा रहा है।

### टेस्ट में जारी रख सकते हैं कप्तानी

सूत्रों ने अखबार से बात करते हुए आगे कहा, विराट कोहली को भी लगता है कि सभी प्रारूपों में कप्तान के रूप में उनकी जिम्मेदारियां हैं जिनका असर उनकी बैटिंग पर पड़ रहा है, इसके लिए उन्हें खुद को तरोताजा रखने की आवश्यकता है क्योंकि उनके पास टीम को देने के लिए काफी कुछ बाकी है। सूत्रों के मुताबिक, अगर रोहित शर्मा वनडे और टी-20 की कप्तानी संभालते हैं तो विराट टेस्ट में अपनी कप्तानी जारी रख सकते हैं, विराट अभी 32 साल के हैं और वह आने वाले 5-6 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल सकते हैं।

### 2014 में विराट अचानक बने थे कप्तान

विराट कोहली को साल 2014 में टेस्ट का कप्तान बनाया गया। उस समय भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थी और महेंद्र सिंह धोनी ने अचानक टेस्ट से संन्यास का एलान कर दिया जिसके बाद विराट को टीम का कप्तान बनाया गया। इसके बाद एमएस धोनी ने 2017 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से कप्तानी से इस्तीफा दे दिया तब कोहली तीनों फॉर्मेट के कप्तान बने। विराट कप्तान के तौर पर काफी सफल रहे हैं उन्होंने 65 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिनमें 38 मुकाबले जीते है। इसके अलावा 95 एकदिवसीय मैचों में कप्तानी करते हुए विराट ने 65 मैचों में भारत को जीत दिलाई। वहीं, 45 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उन्होंने भारत के लिए 29 मैच अपनी कप्तानी में जीते हैं।





# विश्व रिकॉर्ड-तंजानिया ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रचा इतिहास

### दूसरी बार 200 के अंतर से जीता मैच

तंजानिया की महिला टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। जी हां, महिला टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में तंजानिया ने मोजाम्बिक को 200 रन से हराकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में दो बार 200 या उससे अधिक रन से जीतने वाली दुनिया की पहली महिला टीम बन गई है। तंजानिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में चार विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मोजाम्बिक की पूरी टीम 12.5 ओवर में 28 रन पर ढेर हो गई। तंजानिया की तरफ से पिराइस कामुन्या ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा नासरा सैदी और सोफिया जिरोम ने दो-दो विकेट चटकाए।

### सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड यूगांडा के नाम

बता दें कि मैच में मोजाम्बिक का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। सलामी बल्लेबाज पालमिरा क्यूनिका ने सबसे ज्यादा छह रन बनाए। बता दें कि महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड यूगांडा के नाम है। उसने 2019 में माली को 304 रन से शिकस्त दी थी। इससे पहले तंजानिया ने 2019 में माली को 268 रन से हराया था। बता दें कि महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओवरऑल पांचवीं बार ऐसा है जब किसी टीम ने 200 या इससे अधिक के अंतर से मैच जीता हो।

# मुनमुन दत्ता के साथ अफेयर की खबरों पर सामने आए राज अंदकत



नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले कुछ दिनों से चर्चा में बना हुआ है। पहले तो खबर आई कि शो में बबीता जी का किरदार निभा रही मुनमुन दत्ता खुद से 9 साल छोटे टप्पू यानि राज अंदकत को डेट कर रहीं हैं। इन अफवाहों पर दोनों ने कुछ दिनों तक चुप्पी साथ रखी थी। रविवार को मुमनमुन का गुस्सा मीडिया पर फूटा और उन्होंने पोस्ट कर एसी खबर फैलाने वालों को लताड़ लगाई। अब इस पर राज अंदकत ने भी रिएक्शन दिया है।राज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट पर पोस्ट कर लिखा, हर कोई जो मेरे बारे में लगातार लिख रहा है, उन नतीजों के बारे में सोचें जो आपकी बनाई हुई (झूठी) कहानियों के कारण मेरे जीवन में हो सकते हैं। और वो भी बिना किसी सहमति के मेरे जीवन के बारे में। सभी रचनात्मक लोग कृपया अपनी रचनात्मकता को कहीं और चैनलाइज़ करें यह आपके लिए मददगार होगा। भगवान उन्हें अच्छी समझ दें। इससे पहले मुनमन दत्ता अपनी नाराजगी जाहिर कर चुकी है। मुनमुन दत्ता ने पोस्ट में लिखता, %मीडिया और जीरो क्रेडिबिलिटी वाले जर्निस्ल्ट. आपको इस तरह की काल्पनिक बातें किसी की प्राइवेट लाइफ के बारे में छापने की किसने आजादी दी है और वो भी उनकी मर्जी के बिना? आपके इस तरह के आचरण से सामने वाली की छवि को जो नुक्सान पहुंचता है, क्या आप उसके लिए रेस्पोंसिबल होगे? आप टीआरपी के लिए उस औरत तक को नहीं छोड़ते जिसने कुछ समय पहले अपना बेटा खोया है. आप सेंसेशनल खबरों के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं. पर क्या इस वजह से आप उनकी जिंदगी में आने वाले तूफानों की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं? यदि नहीं, तो आपको शर्म आनी चाहिए।इसके साथ ही मुनमुन दत्ता ने एक और पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि, मुझे आप लोगों से बेहतर उम्मीद थी, लेकिन ये पढ़े-लिखे लोग जिस तरह के कमेंट कर रहे हैं, उसे देखकर समझ आता है कि एक समाज के तौर पर हम कितने पिछड़े हुए हैं। साथ ही मुनमुन ने कहा कि उन्हें खुद को भारत के बेटी कहने में शर्म महसूस होती है।

# अपने से 12 साल छोटे इस शख्स से ब्रिटनी स्पीयर्स ने की सगाई




नई दिल्ली। मशहूर अमेरिकन सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। पॉप सिंगर जल्द तीसरी बार शादी करने वाली हैं। इस बात की जानकारी खुद ब्रिटनी स्पीयर्स ने दी है। ब्रिटनी स्पीयर्स ने रविवार 12 जून को अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सैम असगरी के साथ सगाई कर ली है। इस बात की जानकारी खुद ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी है।ब्रिटनी स्पीयर्स सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्वॉयफ्रेंड सैम असगरी के साथ अपना एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में ब्रिटनी स्पीयर्स अपने हाथ में मौजूद डायमंड रिंग दिखाई हुई नजर आ रही हैं। उनकी यह अंगूठी सैम असगरी के साथ सगाई की है।सैम असगरी और ब्रिटनी स्पीयर्स के बीच उम्र में 12 साल का फासला है। ब्रिटनी स्पीयर्स 39 साल और सैम असगरी 27 साल के हैं। सैम असगरी ईरान मूल के अमेरिकी पर्सनल ट्रेनर है। वह एक अभिनेता भी हैं। सैम असगरी वेब सीरीज ब्लैक मनी में काम चुके हैं। वहीं न्यूज एजेंसी रॉयर की खबर के अनुसार सैम असगरी के मैनेजर ने भी ब्रिटनी स्पीयर्स और उनकी सगाई की खबर को कंफर्म किया है।रॉयटर से बात करते हुए अभिनेता के मैनेजर ने कहा कि इस जोड़े ने आज अपने लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते को आधिकारिक बना दिया और उनके प्रति व्यक्त किए गए समर्थन, समर्पण और प्यार से बहुत प्रभावित हैं। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चला है कि सैम असगरी और ब्रिटनी स्पीयर्स शादी कब करने वाले हैं। वहीं गौरतलब है कि सैम असगरी के साथ ब्रिटनी स्पीयर्स की यह तीसरी शादी होगी।ब्रिटनी स्पीयर्स ने पहली शादी साल 2004 में अपने बचपन के दोस्त जेसन अलेक्जेंडर से लास वेगस में की थी। जिसको सिंगर ने कुछ ही दिन में तोड़ दिया था। इसके बाद ब्रिटनी स्पीयर्स ने रैपर केविन फेडरलिन से शादी की और उन्हें उनसे दो बच्चे भी हैं। बात करें ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी की तो इनकी पहली मुलाकात साल 2016 में म्यूजिक वीडियो %स्लंबर पार्टी% की शूटिंग के दौरान हुई थी।इसके बाद इन दोनों की दोस्त हो गई और देखते ही देखते ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी के करीब आ गए। अब इन दोनों ने शादी करने का फैसला किया है। ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी की सगाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन दोनों कलाकारों के फैंस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी को सगाई की बधाई दे रहे हैं।

# सिनेमाघर के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म 'बेल बॉटम'



नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'बेल बॉटम'को लेकर लंबे समय से चर्चा में हैं। लॉकडाउन के बाद सिनेमाघर खुलने के बाद उनकी यह फिल्म पिछले महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई। दर्शकों ने 'बेल बॉटम'को लेकर अपनी मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। अब अक्षय कुमार के फैंस के लिए खुश खबरी है। दिग्गज अभिनेता की यह फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।अमेजन प्राइम वीडियो ने रविवार 12 सितंबर को 'बेल बॉटम'का ट्रेलर रिलीज किया है। इस ट्रेलर की शुरुआत में अक्षय कुमार फिल्म को अमेजर प्राइम वीडियो में रिलीज होने की जानकारी देते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद फिल्म के ट्रेलर को दिखाया गया है।अमेजर प्राइम वीडियो पर फिल्म 'बेल बॉटम' 16 सितंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म पिछले महीने 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ अभिनेत्री वाणी कपूर, लारा दत्ता और हुमा कुरैशी सहित कई कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।रंजीत एम तिवारी निर्देशित 'बेल बॉटम'एक पीरियड स्पाई थ्रिलर फिल्म है, जिसमें प्लेन हाइजैक की कहानी दिखाई गई है। अक्षय, 'बेल बॉटम' कोडनेम के सीक्रेट एजेंट के किरदार में हैं, जिन्हें एक हाइजैक प्लेन को छुड़ाने की जिम्मेदारी दी जाती है। फिल्म में वाणी कपूर फीमेल लीड में हैं, जो अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार है। लारा दत्ता ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल निभाया है। वहीं, हुमा कुरैशी कोवर्ट ऑपरेशन में अक्षय कुमार की सहयोगी बनी हैं।'बेल बॉटम' वह पहली फिल्म है जो कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। वहीं अब हाल ही अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म की रिलीज से जुड़ी एक ऐसी जानकारी फैंस के साथ शेयर की जिसे जानकर खुद अक्षय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। अक्षय ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर बताया कि उनकी फिल्म 'बेल बॉटम' को देश के सबसे ऊंचे मोबाइल थिएटर में भी रिलीज किया गया है।यह थिएटर लद्दाख में 11562 फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए अक्षय कुमार ने लिखा, ' यह जानकर मेरी छाती गर्व से फूल गई है कि बेल बॉटम को लद्दाख के लेह में मौजूद दुनिया के सबसे ऊंचे मोबाइल थियेटर में रिलीज किया गया। ये थिएटर 11562 फिट उंचाई पर बना हुआ है। थिएटर -28 डिग्री सेल्सियस में भी काम करता है। क्या शानदार उपलब्धि है'।

# आसमान से पानी की जगह बरस रही आग

## गाज गिरने से तीन की मौत, बड़वारा व रीठी में घटनाएं



**कटनी। जिले में मानसून की अच्छी दस्तक के बावजूद बारिश तो कम ही हुई है लेकिन आसमान से आग जरूर बरस रही है। जिले भर में आकाशीय बिजली गिरने से अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकि है तथा इस तरह की घटनाएं मानसून की बिदाई बेला में भी जारी हैं। बड़वारा व रीठी थाना अंतर्गत तीन अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली गिरने से एक 16 वर्षीय बालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि बरही थाना अंतर्गत गाज गिरने की एक अन्य घटना में एक महिला गाज की चपेट में आकर घायल हो गई।**

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम चांदन में बीतीशाम तेज बारिश के दौरान गांव का ही 16 वर्षीय बालक अनुज पिता रामलाल यादव प्रेमलाल के खेत की मेड़ पर स्थित महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसीदौरान बादलों की तेज गर्जना के साथ गाज गिरी जिसने महुआ के पेड़ के नीचे खड़े अनुज को अपनी चपेट में ले लिया और अनुज की गाज की चपेट में आकर मौत हो गई। इसी तरह गाज गिरने की दूसरी घटना बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ही ग्राम लोहरवारा में घटित हुई। यहां बारिश से बचने लुहकी तालाब के पास 30 वर्षीय राजेन्द्र पिता गुलजार सिंह महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसीसमय बादलों की गड़गड़ाहट के साथ गिरी गाज ने राजेन्द्र को अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं रीठी थाना अंतर्गत ग्राम करहिया नम्बर-1 में आकाशीय बिजली गिरने से 19 वर्षीय सूरज पिता द्वारका लोधी की भी कलशाम लगभग 5 बजे मौत हो गई। रीठी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूरज लोधी कलशाम अपने खेत गया था। इस दौरान तेज बारिश शुरू हुई तो सूरज भी महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसीसमय बादलों की गड़गड़ाहट के साथ गिरी गाज ने सूरज को भी अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतार दिया। गाज गिरने की सभी घटनाओं में पुलिस ने मृतकों का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों की विवेचना शुरू कर दी है।

### बरही में महिला हुई घायल

बरही थाना अंतर्गत ग्राम करौंदीखुर्द मे आकाशीय बिजली के चपेट मे आने से महिला घायल हो गई है। घायल को परिजनों ने बरही अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार करौंदीखुर्द निवासी 35 वर्षीय गोरी बाई पति अम्बिका कुशवाहा खेत से आने के बाद घर के आंगन पर काम कर रही थी। तभी तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी और महिला घायल हो गई। घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से बरही अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है।

## चोरों से सोने-चांदी के आभूषण बरामद, कुठला पुलिस की कार्रवाई

कटनी। चोरी के आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात कुठला पुलिस ने जप्त किए हैं। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि आरोपी एकता चौक गंगासागर तालाब के पास थाना मदनमहल जिला जबलपुर हाल इन्द्रानगर निवासी 45 वर्षीय रमेश उर्फ संजू विश्वकर्मा व इंद्रानगर का मूल निवासी 35 वर्षीय सत्यनारायण उर्फ बच्चा निषाद चोरो की टोली बनाकर चोरी करने के इरादे से घूम रहे थे।



सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों को पकड़ कर हिरासत में लिया। आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी की घटनाएं घटित करना बताने पर उनके मेमोरेण्डम के अनुसार एक सोने का मंगलसूत्र का पैंडल, एक जोड़ सोने की झुमकी, एक सोने की अंगूठी, 12 नग सोने की गुरिया, दो जोड़े चांदी की पायल, दो जोड़ चादी की बिछिया कीमती लगभग 80 हजार रूपये के जेवरात जप्त किए गए हैं। इन्हीं आरोपियों से थाना एनकेजे कटनी के चोरी के प्रकरण में लगभग 50 हजार रूपये के सोने चांदी का मशरुका बरामद किया है। आरोपियों के द्वारा चोरी की घटना स्वीकार करने पर उन्हें न्यायालय के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## लापता किशोरों को माधवनगर पुलिस ने खोजा

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरू लाइन निवासी दो किशोरी शनिवार को अचानक लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज। पुलिस ने धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि बच्चों की लोकेशन साउथ स्टेशन के पास मिली, जिससे बच्चों के कहीं बाहर चलने जाने का अंदेशा हुआ। तत्काल टीम को सक्रिय किया गया और तलाश शुरू की गई। रात भर पुलिस ने 13 और 14 साल के बालकों की तलाश करती रही। बताया जा रहा है कि खेलते-खेलते मौसी के यहां एनकेजे चले गए थे। रविवार को पुलिस ने बच्चों को दस्तायाब करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया है। इस कार्रवाई में माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, के के तिवारी, रविंद्र तिवारी, पल्लवी मिश्रा आदि की भूमिका रही।

## बैंगलोर में बंधक युवक को कुठला पुलिस ने कराया मुक्त

### काम की तलाश में गया था राजकुमार, कंपनी प्रबंधन ने बना लिया था बंधक



**कटनी।** रोजी रोटी की तलाश में बैंगलोर गए युवक को बंधक बना लिया गया था। इसकी जानकारी लगने पर कुठला पुलिस ने सक्रियता दिखाई और स्थानीय पुलिस की सहायता से युवक को मुक्त कराया। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार मदनपुर निवासी रामकुमार बैंगलोर में बंधक बना हुआ था। जिससे कंपनी में मजदूरी तो कराई जा रही थी लेकिन पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा था। युवक को बाहर निकलने की आजादी भी नहीं थी। परेशान हो कर युवक ने अपने सहकर्मी के फोन से परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने मामले से पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को अवगत कराया और उनसे आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर सहायक उपनिरीक्षक विजेंद्र तिवारी, गौरव सेन को बंधक युवक की सहायता के लिए बैंगलोर भेजा। बैंगलोर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता ली और युवक रामकुमार पटेल को आजाद कराते हुए वापस लेकर कटनी पहुंची। जिसके बाद राजकुमार पटेल को सकुशल उसके परिजनों को सौंपा गया। अपने राजकुमार से मिलकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया।

## कांग्रेस नेता अनिल तिवारी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

### चिकित्सक की शिकायत पर कुठला पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी।** कुठला पुलिस ने नईबस्ती क्षेत्र के चिकित्सक विशंभर लालवानी की शिकायत पर पड़ोसी जिला पन्ना शाहनगर क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं शिवनगर निवासी अनिल तिवारी के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के मुताबिक कांग्रेस नेता अनिल तिवारी ने चिकित्सक विशंभर लालवानी से मकान बिक्री के नाम पर लाखों रूपए ले लिए और इसके बाद एग्रीमेन्ट हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। साथ ही दस्तावेज फाड़ दिया। चिकित्सक लालवानी के द्वारा अपने साथ हुए छल व धोखाधड़ी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर कांग्रेस नेता अनिल तिवारी के विरूद्ध धारा 420, 406, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।





पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

सिटी मॉल बरही रोड में

राजनेता जयललिता के जीवन पर आधारित फिल्म



रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 12.30, 3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

**थलाइवी**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में

हालीवुड की हॉरर फिल्म



रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- एनेबल वॉलिस, जेक एबेल, जार्ज यंग, मेडी हसन आदि।

**MALIGNANT**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)